
दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र



# क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 19 मुरादाबाद, 09 May 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## मुख्यमंत्री योगी बोले – जाति, मजहब का नहीं सपा व बसपा का कचरा साफ करने का है निकाय चुनाव

### जिन्होंने आपको पानी के लिए तरसाया आप उन्हें एक-एक वोट के लिए तरसाइए



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बाराबंकी में निकाय चुनाव को लेकर एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सरकार के विकास कार्यों की चर्चा की और सपा-बसपा व कांग्रेस पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि यह निकाय चुनाव जाति मजहब को लेकर नहीं बल्कि नगरीय जीवन स्तर को मजबूत करने के लिए है। सपा, बसपा के कचरे को साफ करने के लिए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार चेहरा देखकर नहीं बल्कि पात्र देखकर योजना का लाभ देती है। हम सब तुष्टीकरण नहीं बल्कि सशक्तिकरण पर ध्यान देते हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम में निकाय चुनावों को लेकर प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि करीब 65 साल शासन करने वाले लोगों ने नारे बहुत दिए मगर उन्होंने गरीब और महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया लेकिन मात्र 9 वर्ष में केंद्र की मोदी सरकार ने लोगों को हर तरह की सुविधा दी। भारत अकेला ऐसा पहला देश है जहां 50 करोड़ गरीबों को मुफ्त इलाज 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन की व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बाराबंकी के लोगों के लिए लखनऊ और अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले बाराबंकी के लोधेश्वर महादेवा में दर्शन पर पाबंदी थी। सावन में कर्फ्यू जैसा माहौल रहता था लेकिन आज कांवरियों पर पुष्प वर्षा की जाती है। उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। इससे पहले मंच पर राज्यमंत्री सतीश शर्मा, सांसद उपेंद्र सिंह रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, जिलाध्यक्ष शशांक कुसमेश, विधायक दिनेश रावत, साकेंद्र प्रताप वर्मा ने मुख्यमंत्री को माल्यार्पण और गदा भेंट कर स्वागत किया। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ मिर्जापुर पहुंच गए हैं।

मिर्जापुर में सीएम छानबे विधानसभा सीट के उप चुनाव लिए जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। सीएम ने कहा- मैं आप लोगों का आभार व्यक्त करता हूं कि आपने हमारा साथ दिया। मिर्जापुर में पेयजल की समस्या जल्द दूर होगी। डबल इंजन की सरकार ने गरीबों के लिए काम किया है। जिन लोगों ने आपको पानी के लिए तरसाया आप उन्हें एक-एक वोट के लिए तरसाइए%। सीएम योगी आदित्यनाथ मिर्जापुर के छानबे विधानसभा सीट के उप चुनाव लिए जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। सीएम ने कहा- अब यूपी बदल रहा तो मिर्जापुर भी बदल रहा है। ये लोग परिवार वादी सोच के लोग हैं इन्हें विकास से मतलब नहीं है। सपा-बसपा का सूपड़ा तो साफ होना ही है। इसलिए उन्होंने खुद को प्रचार से भी दूर रखा है। सीएम ने आगे कहा- पहले युवाओं के हाथ में तमंचे हुआ करते थे लेकिन आज टेबलेट है। हमारी सरकार ने दो करोड़ युवाओं को टेबलेट देने का लक्ष्य बनाया है।

लालगंज के बाबू उपरौधा इंटर कालेज में सोमवार को जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गर्मियों में मिर्जापुर में टैंकर से पानी की सप्लाई होती थी। बहन, बेटियों को कई किलोमीटर पैदल चलकर सिर पर घड़ा रखकर पानी लाना पड़ता था। अब बेटियों को दो-चार आठ किलोमीटर का सफर नहीं करना होगा। जल जीवन मिशन के तहत हर घर शुद्ध जल पहुंचाने का कार्य करने जा रही है। इस योजना पर तेजी से कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की सब्जियां, अनाज व अन्य उत्पाद देश के किसी भी बाजार में पहुंच सकेंगे। विंध्याचल के करीबी जेट्टी बनाई जा रही है। वाटरवेज के माध्यम से देश-विदेश के मार्केट में कोई भी सामान भेजा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जब उत्तर प्रदेश बढ़ रहा है तो मिर्जापुर भला कैसे पीछे रह सकता है। विपक्षियों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा किपारिवारिक सोच रखने वाले लोगों कि केवल एक ही कार्य योजना है युवाओं के हाथों में तमंचा पकड़वा कर समाज के खिलाफ काम कराना। अब युवा के हाथ में कोई तमंचा नहीं पकड़ा सकता क्योंकि दो करोड़ युवाओं के हाथों में टेबलेट पहुंचाने का काम सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही मिर्जापुर में विश्वस्तरीय विश्विद्यालय बनकर तैयार हो जाएगा। डिग्री पर मां विंध्यवासिनी की तस्वीर रहेगी। छात्र कहीं भी जाएगा माँ की तस्वीर के साथ उनका आशीर्वाद भी रहेगा। इस दौरान समर्थित प्रत्याशियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, कैबिनेट मंत्री प्रदेश सरकार नंद गोपाल नंदी, कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, पूर्व मंत्री रमाशंकर पटेल, विधायक रत्नाकर मिश्रा, डॉ विनोद बिंद, एमएलसी श्याम नारायण सिंह, पूर्व मंत्री रंग नाथ मिश्रा उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट ने बुजुर्ग को दुष्कर्म के आरोप से मुक्त किया, कहा- सहमति से बने थे दोनों के बीच संबंध



न्यायमूर्ति भारती डांगरे की एकल पीठ ने चार मई को अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता और 67 वर्षीय आरोपी 2005 से एक दूसरे के संपर्क में थे और संबंध दो वयस्कों के बीच थे जो अपने कृत्यों के परिणामों को समझने में सक्षम थे। बंबई उच्च न्यायालय ने एक वरिष्ठ नागरिक को दुष्कर्म के आरोपों से मुक्त कर दिया है। उनके खिलाफ साल 2015 में एक 61 वर्षीय महिला ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। अदालत ने कहा कि दोनों के बीच संबंध सहमति से थे और शारीरिक संबंधों के लिए मजबूर नहीं किया गया था। न्यायमूर्ति भारती डांगरे की एकल पीठ ने चार मई को अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता और 67 वर्षीय आरोपी 2005 से एक दूसरे के संपर्क में थे और संबंध दो वयस्कों के बीच थे जो अपने कृत्यों के परिणामों को समझने में सक्षम थे। शिकायतकर्ता ने 2015 में पुणे पुलिस में दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि व्यक्ति ने शादी का झांसा देकर 2005 से कई बार उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म, छेड़छाड़ और आपराधिक धमकी के लिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि शिकायत दर्ज होने के दौरान दोनों के बीच 2005 से 2015 तक सहमति से संबंध थे। जब प्राथमिकी दर्ज की गई थी तब शिकायतकर्ता की उम्र 54 साल थी और आरोपी की उम्र 60 साल थी। अदालत ने कहा, %यह दो वयस्कों के बीच का संबंध था, जो अपने कृत्यों के परिणामों को समझने में सक्षम थे, और किसी भी तरह से यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि शारीरिक संबंध महिला की सहमति के बिना या उसकी इच्छा के खिलाफ था।% पीठ ने आगे कहा कि महिला को अच्छी तरह से पता था कि वह व्यक्ति पहले से ही शादीशुदा है और उसने इसके बावजूद संबंध जारी रखा था। इसमें कहा गया है कि दुष्कर्म का अपराध तब होता है जब कृत्य महिला की सहमति के खिलाफ और उसकी सहमति के बिना किया जाता है। पीठ ने कहा कि मौजूदा मामले में आरोपी और महिला के बीच संबंध एक दशक तक जारी रहे और यह आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है कि यह आपसी सहमति से थे। पीठ ने आगे कहा, यह अनुमान लगाने का कोई कारण नहीं है कि दोनों के बीच संबंध जबरन था। यह ऐसा मामला भी नहीं है जहां एक युवक शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का लालच दे। मामले के अनुसार, महिला अपने पहले पति से अलग हो गई थी और बाद में उसने दूसरी शादी कर ली थी, लेकिन एक दुर्घटना में उसने अपने दूसरे पति को खो दिया था। शिकायतकर्ता पुणे के एक स्कूल में हेडमास्टर के रूप में काम करता था। शिकायत के अनुसार, पहले से शादीशुदा व्यक्ति ने दावा किया कि वह नाखुश था और उसने उससे शादी करने की इच्छा जताई थी। दोनों के बीच 2005 में संबंध बने थे जबकि महिला ने 2015 में शिकायत दर्ज कराते हुए दावा किया था कि जब वह उससे शादी करने की मांग करती थी तो वह उसका शारीरिक शोषण करता था।

## आजम खान के बिगड़े बोल, BJP गठबंधन प्रत्याशी पर तीखा तंज, बोले- मेरे ही पैसे पर मुझ पर गुर्रा रहे हो



उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के बाद दूसरे चरण के चुनाव के लिए सियासत में तल्खी देखी जा रही है। आजमगढ़ की स्वार विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के बाद दूसरे चरण के चुनाव के लिए सियासत में तल्खी देखी जा रही है। आजमगढ़ की स्वार विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। समाजवादी पार्टी की ओर से यूपी की इस सीट को जिताने की जिम्मेदारी आजम खान ने खुद संभाली है।जनसभा को संबोधित करते हुए सपा नेता ने गठबंधन के प्रत्याशी शफीक अंसारी पर तीखे तंज कसे। आजम खान के कहा- शफीक तुमने बिरादरी की नाक कटवा दी। शफीक को बताया नमकहराम-आजम ने आगे कहा- ये स्वार की गलियां, स्वार की सड़कें, इसका विकास और बंटने वाला पैसा ये किसका है? ये मेरे कलम का दिया हुआ है, ये मैंने दिया है। आगे आजम खान ने नाम लिए बिना शफीक को नमकहराम भी कहा। उन्होंने कहा-उसने बिरादरी की नाक कटवा दी। आजम के कहा-अरे शफीक मेरे ही पैसे पर मुझ पर गुर्रा रहे हो। साथ ही सपा नेता ने शफीक के चुनाव चिह्न प्लेट को लेकर भी तीखा तंज कसा।बता दें अपना दल ने स्वार के पूर्व पालिकाध्यक्ष शफीक अहमद अंसारी को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा उन्हें जिताने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। उसके नेता लगातार जनसभाएं कर रहे हैं। जिले के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने शुक्रवार को भी जनसभा की थी। रविवार को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह और प्रभारी मंत्री ने बिजाराखाता में जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा में अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल भी शामिल रहीं।

## अली अभी जिंदा है, अतीक की हत्या का बदला लेने की धमकी; कहा- इंशाअल्लाह सत्ता बदलेगी फिर इलाहाबाद बोला जाएगा




प्रयागराज- 15 अप्रैल को प्रयागराज में कॉल्विन अस्पताल के सामने तीन शूटरों ने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी। अतीक अहमद की हत्या के बाद अब सज्जाद नाम के ट्विटर यूजर ने अतीक अहमद की हत्या का बदला लेने की बात कही है। जिसपर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।इस यूजर ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- अभी नसल खत्म नहीं हुई अतीक का बेटा अली अभी जिंदा है। इंशाअल्लाह हालत, वक्त और सत्ता बदलेगी फिर इलाहाबाद भी लिया जाएगा और हिसाब भी पूरा किया जाएगा। इस ट्वीट के साथ अतीक के बेटे अली का फोटो भी अपलोड किया गया है।हत्या का बदला लेने की धमकी देने पर इस यूजर के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में धमकी देने के आरोप एफआईआर दर्ज हुई है। यह एफआईआर एडीजी कानून व्यवस्था के आदेश पर दर्ज हुई है। 15 अप्रैल को प्रयागराज में कॉल्विन अस्पताल के सामने तीन शूटरों ने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी। अतीक अहमद की हत्या के बाद अब सज्जाद नाम के ट्विटर यूजर ने अतीक अहमद की हत्या का बदला लेने की बात कही है।

## निर्दलीयों के समर्थन में उतरे भाजपा सांसद वरुण गांधी, निकाय चुनाव को लेकर दिया बड़ा बयान



पीलीभीत के भाजपा सांसद वरुण गांधी के बागी तेवर कम नहीं हो रहे। निकाय चुनाव में उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के छोड़ निर्दलीयों का खुलकर समर्थन किया है। वरुण ने रविवार को बीसलपुर और पूरनपुर में निर्दलीय प्रत्याशियों के समर्थन में जनसंपर्क भी किया। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण गांधी ने कहा कि आजकल राजनीति पैसे और बाहुबल पर टिकी हुई है। राजनीति में ईमानदार लोग काफी कम हैं। वरुण गांधी रविवार को एक दिवसीय दौरे पर जनपद पहुंचे। उन्होंने बीसलपुर नगर पालिका परिषद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार किया। उनके लिए जनता से समर्थन मांगा। उन्होंने पूरनपुर में भी निर्दलीय प्रत्याशी का समर्थन किया। सांसद वरुण गांधी द्वारा भाजपा प्रत्याशी को छोड़ निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करना चर्चा में है। वरुण गांधी ने रविवार शाम बीसलपुर के डाकखाना तिराहे पर नगर पालिकाशेष खबर पेज न. 6 पर .........

## संपादकीय Editorial

# Spokesman for terrorism

Pakistan is a promoter, supporter and spokesperson of terrorism. Terrorism and its financing must be stopped immediately. All forms of terrorism, including cross-border terrorism, must be eliminated. It is surprising that even when the world was grappling with the Covid-19 pandemic and its all-round effects, terrorism remained intact. Ignoring terrorism would be detrimental to the security-interests of the member-countries of 'Shanghai Cooperation Organization' (SCO), so mutual consent, cooperation and solidarity is essential for effective action against terrorism. Of course the platform was of SCO, but it was felt as if India's Foreign Minister S.K. Jaishankar was addressing the whole world and warning against terrorism.

We have never heard Jaishankar speak in such a harsh tone. He indirectly termed Pakistan's Foreign Minister Bilawal Bhutto Zardari as a 'spokesman for the industry of terrorism'. Bilawal attended the meeting of SCO countries for the first time as Foreign Minister. Bilawal said that terrorism should be kept separate from diplomacy.

However, he was forced to say that the collective security of our people is our joint responsibility. Terrorism remains a threat to global security. Pakistani Foreign Minister raised the issue of Kashmir, Article 370 and meeting of G-20 countries, then our Foreign Minister Jaishankar gave a clear answer that Article 370 is now 'history'. Pakistan has nothing to do with the G-20 meeting and now Pakistan should tell when will it vacate its illegally occupied Kashmir (PoK)? SCO has many countries members including India, China, Russia, Uzbekistan, Kyrgyzstan, Tajikistan, Kazakhstan and Pakistan etc. Presently India is presiding over this organization and there was a meeting of foreign ministers of member-countries in Goa.

Now the meeting of Defense Ministers is also to be held. Among the proposals made by India for a joint declaration, there are issues including terrorism, coarse grains, energy, food, fertilizers, climate change etc. The President or Prime Minister of these countries will come to New Delhi and participate in the summit to be held in July. , he should at least make a decisive announcement on terrorism. Although terrorism has been raised in the United Nations and various global fora, but the definition has not been decided. Pakistan has been told many times that the perpetrators and victims of terrorism cannot sit together. Talking is a far cry.

India has not held bilateral talks with Pakistan since 2008, but diplomatic relations continue. However, trade between the two countries is also negligible. If there were better relations, then the people of Pakistan would not have to come on the streets for bread and flour. There is no need to yearn for livelihood.

If India has helped many countries including Sri Lanka financially and with food grains, then it could have helped Pakistan as well. We have declared Pakistan a 'terroristan' on world forums.

Now new adjectives have also been given, but in the last 15 days, 10 of our brave soldiers have also been 'martyred' in Kashmir. When the dead body of the martyr reaches his house-courtyard and the youth see the closed eyes of the child, not only the family members but also the village-community's heart breaks.

These tragedies must be mitigated. Terrorism is the foundation, so how can there be relations with Pakistan?

# Neighborhood: The seeds of disunity in the midst of leadership crisis in Pakistan, the role of civil war is being written

There the voices of rebellion against the army are loud, the role of civil war is being written and there is a severe lack of leadership. To say that Jinnah alone was responsible for the formation of Pakistan at the instigation of the British is a narrow view. Pakistan is actually the culmination of a global religious thinking. The idea of Pakistan has come forward strengthened by the thoughts of Shah Waliullah, Sheikh Sirhindi, Sir Syed Ahmed and Allama Iqbal, whose last link was Jinnah. How easy it was to become Pakistan, no one went to jail, and no one fired a bullet! There were fierce riots from Hindus for Pakistan, but there was never any war of independence from the British. Jinnah had also said, I had built Pakistan on the basis of my steno and typewriter. It is true that Jinnah accepted the Cabinet Mission Plan for the Unity of a United India, but that plan envisaged a weak, limited center with limited authority. Jinnah turned away from the United India plan after Nehru's statements. Even if he had accepted a united India, it would not have been possible to prevent the partition of India on communal lines just a few years after 1947. Pakistan as a religious idea had gone beyond the limits of passion. Jinnah openly said that Hindus and Muslims cannot live together. It was the same Jinnah who in 1919-20 opposed Gandhiji's introduction of religion and mullahs into politics. But later he had taken off the nationalist secular outfit. The Khilafat Movement, a long series of Hindu-Muslim riots, and the alienation created by the political principle of separate religious electorates led to the emergence of the idea of Pakistan. After 1940, till the day of independence came, the world's first Islamic country Pakistan also came into existence. Instead of being President or Prime Minister of Pakistan, Jinnah became Governor General in the tradition of British Viceroys. This was not the way of democracy. It was from here that the role of dispersion also started being written. Before the coming of military rule, there was a rapid change of prime ministers. The only issue with that country was Kashmir. The language was Urdu, whose insistence on making it the national language separated Bangladesh and divided Pakistan into two pieces. With the formation of Bangladesh, the principle of two-nationalism, the basic foundation of Pakistan, also collapsed. Standing on a weak foundation, this country would have disintegrated long ago, but India's secular leadership showed great affection towards Pakistan. After the debacle of 1971, an incomplete, aimless Pakistan was now dependent only on the mullahs and the military. Despite Pakistan's invasion of Kashmir, our secular leaders appealed to the United Nations for not declaring war. The seeds of separation were further sown through Article 370. Our leaders, knowing that we are the only targets of Pakistan's nuclear bombs, did not try to hinder it. Pakistan had no historical, cultural, linguistic or economic basis. Now Islam and Kashmir Jihad was his only target. This country, which lives on American dollars, did not have time for its economic progress. Debt became its only support, which is now equal to about 21 trillion dollars. This debt is equal to sixty times of Pakistan's total annual GDP, which is impossible to pay. Tehreek-e-Taliban Pakistan has come under the influence of about one-third of the area of Pakistan's border province Khyber Pakhtunkhwa along the Durand Line. Baloch rebels have joined hands with Taliban Pakistan. The voices of rebellion against the army are loud. The civil war is being scripted and there is a severe lack of leadership. It is not visible whether there is anyone crying for Pakistan in this period of fragmentation.

# Nritya Yatra: Artists displaced by Aurangzeb's terror, Siddendra Yogi's meditation gave new life to Kuchipudi

From last Sunday on International Dance Day, we have started this series based on Indian dances. Every Sunday we will try to give you information about yesterday, today and tomorrow of Indian dances through this. Last week you read about Kathak, today know the charm, alamban and ornamentation of Kuchipudi, the famous dance style of South India..! Kuchipudi is a traditional style of Indian dance. Around the third and fourth decades of the last century, this dance form originated from the long and rich tradition of dance-drama of this name. As the name implies, 'Kuchi' means dance and 'Pudi' means field. Some scholars say that its artists used to live in groups on the banks of the river Saraswati, then when the attacks of invaders started in India, they came from there to Andhra Pradesh. It is from here that the spontaneous journey of this dance begins. Gangotri of Kuchipudi - There is a village named Kuchipudi in the Krishna district of Andhra Pradesh. 35 kms from Vijayawada.

A long tradition of this dance-drama style originated from this village, which was known by the caste name of Yakshagana. But just as the land of India has seen blood flowing and blossoming flowers, in the same way Indian arts have also seen difficulties, but at the same time it has also seen the austerity of that sadhana flourish.An instrument of devotion to God - Kuchipudi dance to God The instrument of devotion has undergone many changes over time and at the same time the artists have made changes keeping in mind the purity of its soul, which has made this art very beautiful and wonderful through those changes. When Kuchipudi dance came to Andhra, it was part of the Bhakti movement. When India was ruled by the Mughals, Aurangzeb banned Indian art and music in the 16th century. At the same time these 500 families came towards Andhra but there was no employment opportunity and the rulers there gave them Kuchipudi village after seeing the performance of the artists, from which this dance form was named Kuchipudi. This dance art has been performed in the evening in the courtyard outside the temple in the light of lamps.

Siddendra Yogi lit the torch - In the middle of the 18th century, the authority of Madras reached the East India Company. Performing arts were banned, perhaps because they were afraid that the people present here might turn against them by forming an organization. Then the artists made a revolution and they had to remove this ban. 1886 to 1956 was a historic period for Kuchipudi and further cemented its spiritual roots. They were flourished by the talented Vaishnava poet and seer Siddhendra Yogi by imagining the Kuchipudi style in the form of Yakshagana. He had an amazing ability to give tangible and real form to his imaginations. Siddhendra Yogi, the author of a poem called Krishnalila Tarangini in Sanskrit, under the guidance of his guru Tirthanarayan Yogi, became engrossed in the literary tradition of Yakshagana. Requesting to compose a dance drama based on the legend of bringing Parijat for the most beloved queen Satyabhama. Complying with this request, Siddhendra Yogi got excited and composed Bhamakalapam, which is still considered the piece-de-resistance of Kuchipudi theatre. Siddhendra Yogi encouraged the Brahmin youths of Kuchipudi village to present their compositions, especially Bhamakalapam. The presentation of Bhamakalapam was a stupendous success.

Its aesthetic appeal was widespread. At that time all the artists were men and the female characters presented by them were the best. The high level of female character impersonation or avatar wearing can be seen in the example of Vedantam Satyanarayan Sharma playing the role of Satyabhama. Spread of solo performance- The followers or disciples of Siddhendra Yogi composed many plays and even today the tradition of Kuchipudi dance-drama exists. Lakshmi Narayan Shastri (1886-1956) incorporated many new elements in this style including solo dance performance and training of female dancers. Solo dance performances existed earlier too, but only as a part of dance dramas in proper sequences. Sometimes, even when not required in the performance of the drama, solo dance performances were performed to increase the request or request and to interrupt the performance. Tarangam inspired by Tirthanarayan Yogi's Krishna-Leela-Tarangini is one such presentation.

balance and footwork- Over time, skills such as dancing on the edge of a brass plate and dancing with a pitcher full of water on the head were added to Kuchipudi to demonstrate body balance and footmanship and the skills of the dancers in its control. By the middle of the last century, the Kuchipudi dance form was fully established as a completely independent classical solo dance form. Thus there are now two styles of Kuchipudi dance: dance-drama and solo dance-performance. From the late forties of the century, the order of solo performances expanded rapidly. Journey of Kuchipudi Artists- Kuchipudi got guidance from artists like Satendra Yogi, Vempatti Chennai Satyam. Among the learned artists who are giving direction to it at present, Radha Reddy and her family, Professor P Rama Devi, Malika Sarabhai etc. are making it flourish. Silicon of Professor P Rama Devi Hyderabad There is a teacher of Kuchipudi in the university. He has composed 7 books which are written on Natyashastra and Kuchipudi. He says that there is an urge to learn Kuchipudi dance among the youth. Based on her experience of more than 40 years, she says that to master the Kuchipudi dance, it is necessary to focus on the goal. Kuchipudi dance has an important place in South Indian films which makes it popular.

# अखिलेश का BJP पर तंज, पूछा- पहलवानों को लेकर चुप क्यों सरकारें? मेरठ की हालत देख उठाए सवाल



मेरठ में अखिलेश यादव का रोड शो -अखिलेश ने मेरठ पहुंचते ही भाजपा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि पहलवानों को लेकर भाजपा सरकारें चुप क्यों हैं? निकाय चुनाव में गठबंधन भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव भी यूपी के अलग-अलग शहरों में जनसभा और रोड शो कर रहे हैं। अखिलेश यादव आज यानि सोमवार को मेरठ पहुंचे हैं। पूर्व सीएम अखिलेश यादव मेरठ में सपा प्रत्याशी सीमा प्रधान व पार्षद उम्मीदवारों के लिए वोट मांगने पहुंचे हैं।

## नौ किलोमीटर में हुआ रोड शो

बता दें कि रोड शो दलित-गुर्जर बाहुल्य गांव लिसाड़ी से शुरू होकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में पहुंचा। रोड शो अंजुम पैलेस, ट्यूबवेल तिराहा, गोला कुंआ से होते हुए कांच का पुल पर पहुंचा। जहां जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। महिलाओं ने छतों से फूल बरसाए। करीब नौ किलोमीटर का रोड शो करने के बाद अखिलेश यादव शहर विधायक रफीक अंसारी के करीम नगर स्थित आवास पर पहुंचेंगे।

## अखिलेश ने पूछा- पहलवानों के लिए चुप क्यों भाजपा सरकारें?

अखिलेश यादव ने कहा कि देश की महिला पहलवानों के लिए केंद्र व प्रदेश सरकारें चुप हैं। कहा कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना होगा। वहीं, अखिलेश ने कहा कि भाजपा सपा को परिवारवाद वाली पार्टी बताती है लेकिन, भाजपा स्वंय आरएसएस से मिलकर परिवारवाद चला रही है। हवाई पट्टी पर भी देखा गया कि मेरी सुरक्षा में इंटेलिजेंस, एलआईयू लगाई हुई है। जिससे अखिलेश को मीडिया से दूर रखा जाए। अखिलेश यादव ने पत्रकारों से वार्ता में कहा कि भाजपा सरकार ने मेरठ व अलीगढ़ को स्मार्ट सिटी बनाने का वादा किया था लेकिन, हालात उल्टे हैं। गलियों में गंदगी नाले अटे पड़े हैं। रोजाना लाखों टन कूड़ा शहर से निकलकर गंगा में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई। रोजगार के झूठे वादे किए जा रहे है। मेडिकल कॉलेजों की हालत खराब है। मुख्यमंत्री को स्वंय ही नहीं पता कि मेडिकल की व्यवस्था कैसे की जाती है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर, विधायक रफीक अंसारी, आदिल चौधरी, जयवीर सिंह, अयूब अंसारी, योगेश वर्मा, कर्मवीर गूमी, पुष्पेंद्र, जयराज चपराना, आकाश भड़ाना, अशोक कुमार जाटव, नीटू गुर्जर सहित सैंकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सोनभद्र में गरजे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक: बोले- अब यूपी के गुंडाराज की नहीं, विकास की होती है चर्चा

निकाय चुनाव के लिए नगर के आरटीएस क्लब मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। विकास योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने हर गरीब को पक्की छत, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, गैस सिलिंडर, हर घर नल से जल उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में बदलाव लाया है।उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दावा किया कि पिछले छह वर्षों में प्रदेश में कानून का इकबाल बढ़ा है। गुंडों की नाक में नकेल डाल दी गई है। माफिया जेल में हैं या फिर प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं। यूपी के प्रति लोगों की धारणा बदली है। अब यहां के गुंडाराज की नहीं, विकास की चर्चा होती है। व्यापारी भयमुक्त होकर अपना व्यापार कर रहे हैं।निकाय चुनाव के लिए नगर के आरटीएस क्लब मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा में उप मुख्यमंत्री ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। विकास योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि




भाजपा सरकार ने हर गरीब को पक्की छत, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, गैस सिलिंडर, हर घर नल से जल उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में बदलाव लाया है। दुनिया में भारत की ताकत बढ़ी है, जिसकी बदौलत यूक्रेन और सूडान में फंसे लाखों भारतीयों की सकुशल भारत लाया जा सका। कांग्रेस से विरासत में बिगड़ी अर्थव्यवस्था को भाजपा सरकार ने सुदृढ़ किया। आज भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। वर्ष 2047 तक इसे तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। इसमें यूपी की बड़ी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि पहले यूपी में गुंडे रहते थे। इस कारण उद्योगपति यहां आने में कतराते थे। वर्ष 2017 के बाद यहां कानून का राज स्थापित हुआ है। यूपी के प्रति लोगों की धारणा बदली है। महिलाओं-बहनों को परेशान करने वाले 25 हजार से अधिक बदमाशों पर कार्रवाई हुई है।

अब गुंडे कागज पर लिखकर थाने जाते हैं कि हमें गिरफ्तार कर लो। संकल्प पत्र के हर वादे को हमने पूरा किया है। सभी जिलों को फोर लेन से जोड़ा गया है। जिला मुख्यालयों पर 24 घंटे बिजली मिल रही है। दिल्ली-लखनऊ से आने वाला पैसा प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचे इसके लिए नगरों में भी भाजपा की सरकार बनानी जरूरी है। सड़क, नाली का निर्माण, पार्कों-चौराहों का सुंदरीकरण कराया जाएगा। उन्होंने जिले की सभी दस निकायों से भाजपा और सहयोगी दलों के चेयरमैन व सभासद प्रत्याशियों को जीत दिलाने की अपील की। इस मौके राज्यसभा सांसद रामशकल, दर्शना सिंह, जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, राज्य मंत्री संजीव गोंड सहित सभी विधायक, पार्टी प्रत्याशी व पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन जिला प्रभारी अशोक चौरसिया ने किया।

# दबाव में आए भाजपा सांसद ब्रजभूषण बोले, कुश्ती के लिए सबकुछ लुटा दिया, अपनी जेब से दिए 30 करोड़

